# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-260 | सागवाड़ा, गुरुवार, 9 जून, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# आरोप-प्यास बुझाने वाले हैंडपंप खेतों में खुदवा दिये

## गडावेजणियां गांव में स्वीकृत हुए 10 हैंडपंप, पंचायत ने चहेतों की जमीन पर खुदवा दिए 5 बोरवेल, ग्रामीणों ने कार्यवाहक कलेक्टर से की शिकायत

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के सागवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गडावेजणियां में सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा सरकारी हैण्डपम्प अपने चहेतों की निजी जमीन पर खुदवाने का मामला सामने आया है। पंचायत के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया वही कार्यवाहक कलेक्टर को शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है।

डूंगरपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में एक तरफ जहां भीषण गर्मी से आमजन पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। वही डूंगरपुर जिले की सागवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गडावेजणियां में स्वीकृत हुए हैंडपंप के बदले चेहतों की जमीन पर बोरवेल खुदवाकर उन्हें लाभ पहुचाने का मामला सामने आया है।

पंचायत समिति सागवाड़ा के अंतर्गत गडावेजणियां के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पंचायत द्वारा गांव के चेहतों की निजी भूमि पर खुदवाए गए बोरवेल की जांच करवाने और कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इस मौके पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया की पंचायतीराज विभाग की ओर से गडावेजणियां पंचायत क्षेत्र में पेयजल संकट के बीच ग्रामीणों को राहत देने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर 10 सरकारी हेंडपम्प खुदवाने की स्वीकृति जारी हुई थी। लेकिन पंचायत के सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी ने उक्त हैंडपंप गांव के सार्वजनिक जगहों पर लगाने के बजाय अपने चहेतों की निजी जमीन पर 8 इंच के बोरवेल खुदवा दिए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 5 जगह निजी भूमि पर बोरवेल खुदवाएं गए हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने सम्बंधित अधिकारी को निजी जमीन पर बोरवेल खुदवाने की जानकारी मांगी तो जिम्मेदार अधिकारियों ने पल्ला झाड़ते हुए कहां उन्होंने अपने निजी स्तर पर बोरवेल खुदवाएं हैं। जबकि स्वीकृत 10 हेंडपम्प में से एक भी हैण्डपम्प पंचायत की ओर से आज तक नहीं खुदवाये गए है। ऐसे में ग्रामीणों ने कार्यवाहक कलेक्टर को ज्ञापन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## अवैध दुकान की छत गिरी,3 शवों का हुआ पोस्टमार्टम

**जयपुर/ उदयपुर।** उदयपुर की कृषि मंडी में दुकान की छत गिरने से हादसे का शिकार हुए मृतकों का पोस्टमार्टम गुरूवार को हुआ। हिरणमगरी पुलिस ने 3 शवों का एमबी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर औपचारिक कार्रवाई की। पुलिस ने तीनों शवों को करीब 10.30 बजे परिजनों को सुपुर्द किए। इसमें 2 व्यापारी थे, जो होलसेल दुकान से नारियल खरीदने आए थे। यह भी सामने आया है कि दुकान की पहली मंजिल के निर्माण की मंजूरी दी गई थी। लेकिन व्यापारी मनमानी करते हुए ग्राउंड फ्लोर को तोड़ते हुए नई नींव भर रहा था। मंडी सचिव ने जानते हुए भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम करीब 5 बजे मंडी के गेट नं. 2 के पास विनायक ट्रेडर्स की छत गिर गई।

इसके पास की दुकान का निर्माण चल रहा था। पास की दीवारों को सपोर्ट नहीं देने और



## श्याम भट्ट ही रहेंगे भाजपा नगर अध्यक्ष

**डूंगरपुर।** भारतीय जनता पार्टी सागवाडा नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट का इस्तीफा स्वीकार नही वे ही रहेंगे नगर अध्यक्ष। भारतीय जनता पार्टी के संभाग प्रभारी हेमराज मीणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पुनिया एवं संगठन महामंत्री चंद्रशेखर से वार्ता के बाद ज़िला अध्यक्ष प्रभु पंडया ने सागवाडा भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट का इस्तीफा अस्वीकार करते हुए निरंतर नगर अध्यक्ष के पद पर रहकर कार्य करने के निर्देश प्रदान किये। यह जानकारी किरणेश्वर चौबीसा ने दी।

# बिरसा मूंडा शहादत दिवस मनाया



**सागवाडा.** एकलव्य भील सेवा संस्थान की तरफ से संचालित बिरसा मूंडा लाईब्रेरी मे गूरूवार को भगवान बिरसा मूंडा के शहदत दिवस के रूप मे मनाया। समाज के रमेश भाई खांट ने बताया कि समाज के अध्यक्ष मोहनलाल भगोरा के मार्गदर्शन में भगवान बिरसा मुंडा का 122 वां शहादत दिवस उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर मनाया।

जितेंद्र अहारी ने भगवान बिरसा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उलीहातू गांव जिला रांची झारखंड के गरीब आदिवासी परिवार मैं पले बढ़े बिरसा ने जीवन के सिर्फ 25 वर्ष की अल्पायु में ही समाज के लिए साहूकारों और अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। बिरसा मुंडा जल, जंगल और जमीन के लिए जिस आंदोलन को लेकर चले थे उसे उलगुलान नाम दिया। बिरसा के इस योगदान के लिए उन्हें धरती आबा के नाम से जाना जाने लगा। आज पूरे भारत में उनका नाम बड़े सम्मान के साथ में लिया जाता है। संसद भवन में भी इनकी प्रतिमा सह सम्मान स्थापित की गई है। समाज के अध्यक्ष मोहनलाल भगोरा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवा पीढ़ी को भगवान बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर आगे बढ़ते हुए समाज का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रकृति को बचाना है तो उसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। इस बरसात के समय में प्रति व्यक्ति संकल्प लें की कम से कम एक पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल कर बडा करे।

भगवान बिरसा के नाम से चल रही लाइब्रेरी आने वाले समाज को उज्जवल भविष्य और उजियारे की तरफ लेकर जाएगी।

इस दौरान निशान्त डेण्डोर, विजय सोवारा, राकेश अहारी, जिनल, सूनिता, पूजा, सोनल, मनोज, अजय, चिराग, सूनिल, नेहा, गूंजन सहित अभ्यर्थी मौजूद रहे।



## जनता पानी को तरस रही, सरकार होटल में मौज कर रही है: हिमांशु शर्मा

**गुलाबपुरा।** गुलाबपुरा के देव पैलेस में आज भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा भीलवाडा जाते समय यहां रुके। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनराज गुर्जर .के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओ ने उनका भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने मौजूद सरकार पर तंज कसते हुए बताया कि कोरोना महामारी में भी प्रदेश की जनता चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में रह रही है। उस समय सरकार होटलों में कैद होकर बैठी है। आज भीषण गर्मी में जनता पेयजल की स्थिति को लेकर परेशान है। लेकिन सरकार होटलों में मौज मस्ती कर रही है। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष और भाजपा मंडल अध्यक्ष सांवरनाथ योगी, महामंत्री रघुवीर वैष्णव, हरीश शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष प्रवीण शारदा, गौतम आंचलिया, पार्षद सोमेश्वर पांडे, रोहित चौधरी सहित पार्षदगण व कई प्रकोष्ठों के कई पदाधिकारीगण उपस्तिथ थे।

## केंद्र सरकार के सफल 8 साल बेमिसाल को लेकर सागवाड़ा भाजपा युवा मोर्चा की वाहन रैली 13 को





**सागवाड़ा।** हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार के बेमिसाल 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश संगठन के आदेशानुसार एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा विधानसभा सागवाड़ा के मंडल अध्यक्षो एवं मंडल महामंत्रियों की 13 जून को प्रातः 10 बजे सागवाड़ा नगर में होने वाली वाहन रैली की तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित हुई।बैठक में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती की अध्यक्षता में सांसद निवास पर आहूत की गई। जिसमें सागवाडा विधानसभा की रैली का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटिक एवं युवा नेता नयन कटारा करेंगे,जिसमे विभिन्न मंडलो के अध्यक्षो एवं महामंत्रियों की जिम्मेदारी तय की गई, रैली स्वामी विवेकानंद सामुदायिक भवन महिपाल खेल मैदान से शुरू होकर नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए वापस महिपाल खेल मैदान पर सम्पन्न होगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, सोशल मीडिया विधानसभा संयोजक लक्ष्यराज शर्मा, युवा मोर्चा सिद्धनाथ मंडल अध्यक्ष विकास उपाध्याय,युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जिंतेंद्र सिंह चौहान, युवा मोर्चा चितरी मंडल अध्यक्ष यश सुथार,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया, मंडल महामंत्री भावेश माली, सिद्धनाथ मंडल महामंत्री मयूरराज सिंह चौहान, विकास जैन,मयंक सेवक,ओबरी मंडल महामंत्री अनिल सिंह चौहान,सहित युवा मोर्चा विधानसभा सागवाड़ा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने उपस्थिति दी।

## नालों की सफाई नहीं हुई,हर साल होता करोड़ों का खेल, एसीबी कहा है?

**जयपुर।** मानसून सिर पर है, लेकिन शहर में नाला सफाई को लेकर दोनों नगर निगम बेफिक्र है। ऐसे में इस बार बारिश से पहले नाला सफाई को लेकर संशय बना हुआ है। हैरिटेज नगर निगम क्षेत्र में 25 फीसदी भी नालों की सफाई नहीं हो पाई है। अब 8 दिन में नाला सफाई होना दूर की बात है। जहां नाला सफाई हुई है, वहां भी आधी—अधूरी सफाई की जा रही है। निगम प्रशासन ने अब इंजीनियरिंग शाखा को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी है। हैरिटेज नगर निगम में 435 नाले है। नगर निगम अफसरों की मानें तो हैरिटेज नगर निगम क्षेत्र में अभी तक 100 नालों में भी सफाई का काम शुरू नहीं हो पाया है।

## हम एक है-तीनों सीटें जीतेंगे, भाजपा को हार का डर: गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज कांग्रेस विधायकों के साथ इंडिगो फ्लाइट से शाम 5.30 बजे जयपुर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तीनों सीटों पर जीत का दावा किया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा ने हॉर्स ट्रेडिंग की परंपरा शुरू की है। हम चाहते हैं कि इस बार ऐसे परिणाम आए कि भविष्य में कोई हॉर्स ट्रेडिंग करने के प्रयास नहीं करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भैरोंसिंह सिंह शेखावत जब मुख्यमंत्री थे तबसे ही मैं देख रहा हूं, भाजपा ने उनको तंग किया और शेखावत को भी अपने विधायकों को चोखी ढाणी में ले जाना पड़ा। सीएम गहलोत ने कहा कि भाजपा जो हॉर्स ट्रेडिंग की परंपरा डाल रही है। हम चाहते हैं कि इस बार इनको ऐसा सबक मिलना चाहिए कि भविष्य में ऐसी नौबत ही नहीं आए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तीनों सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि हमारा कुनबा एकजुट है और हम तीनों सीटों पर जीत हासिल करेंगे। जादुई आंकड़ा हमारे पास है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा बौखला गई है। इसलिए कभी ईडी में शिकायत कर रहे हैं और अब चुनाव से एक दिन पहले हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी चले गए। सीएम गहलोत ने कहा कि ईडी में जाने का क्या तुक है? सीएम गहलोत ने कहा कि इसी से पता चलता है कि भाजपा की क्या हालत हो गई है।

# केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियो का किया सम्मान

**डूंगरपुर।** जिले में भारतीय जनता पार्टी की ओर से केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहे सुशासन पखवाड़े के तहत शहर के अटल बिहारी वाजपेयी भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियो का सम्मान किया गया। साथ ही केंद्र सरकार की उपलब्धियों गिनाई गई वही कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा गया। केन्द्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी उसे सुशाशन पखवाड़े के रूप में मना रही है। इसी को लेकर आज डूंगरपुर शहर के अटल बिहारी वाजपेयी भवन में भाजपा की ओर से डुंगरपुर नगर में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पुर्व जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद पटेल, विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक शांन्तिलाल पंडया, पूर्व उपसभापति पूरणमल दावड़ा, नगर अध्यक्ष दिलिप जेन, हंसमुख पंडया रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डूंगरपुर नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि डुंगरपुर नगरपरिषद क्षेत्र में पात्र व्यक्तियो को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने सभी पार्षदगण से अपने अपने वार्ड में जनधन योजना, बीमा योजना, आवास योजना सभी तरह की योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने का आव्हन किया। कलासुआ ने कहा कि देश मे भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो गरीब, जाति, धर्म, पंत का भेदभाव किए बिना सबको समानता का भाव रखती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आमजन के लिये ऐसी कई योजनाएं लाये है जिनका सीधा फायदा आमजनता को हो रहा है।

इधर इस मौके पर अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। अपने संबोधन में अतिथियो ने केंद्र सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियो को गिनाया। साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जनविरोधी नीतियों के मामले में जमकर निशाना भी साधा। इस मौके पर पीएम आवास योजना के लाभार्थियो को योजना के तहत किश्त का भी वितरण किया गया।

## अवैध शराब की फैक्ट्री पकड़ी, महिला गिरफ्तार

**जयपुर/नागौर।** नागौर पुलिस ने पांचौड़ी थाना क्षेत्र के पोटलिया मांजरा गांव में अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। इस दौरान कार्रवाई की भनक लग जाने से फैक्ट्री संचालक मौके से भाग गया। हालांकि पुलिस ने उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने यहां से 2 शराब पैकिंग मशीन, 50 लीटर स्पिरिट, 30 हजार पव्वा के ढक्कन, 1.30 लाख खाली पव्वा और 5000 लेबल बरामद किये है। मौके से एक टोपीदार अवैध बन्दूक भी पकड़ी गई है। इसके बाद दूसरी कार्रवाई में 8064 अवैध देशी शराब के पव्वे भी जब्त किये गए है। ये पूरी कार्रवाई नागौर CO विनोद सीपा की लीडरशिप में डीएसटी, खींवसर पुलिस व पांचौड़ी पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन से अंजाम दी गई। नागौर SP राममूर्ति जोशी ने बताया कि पोटलिया मांजरा गांव में शराब फैक्ट्री चलने की जानकारी मिली थी।

# पुलिस लाइन में बच्चों से सम्बंधित कानूनों पर हुई कार्यशाला

## - पोक्सो कोर्ट के जज संजय भटनागर ने दी विधिक प्रक्रियाओ की जानकारी

**डूंगरपुर।** जिले में पुलिस विभाग व यूनिसेफ की ओर से चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग टू बिल्ड अवेयरनेस एंड ट्रस्ट कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन सभागार में बच्चो से सम्बंधित कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पोक्सो कोर्ट के जज संजय भटनागर ने किशोर न्याय अधिनियम व लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों की विधिक प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी शामिल हुए। डूंगरपुर जिले में पुलिस विभाग व यूनिसेफ की ओर से कम्यूनिटी पुलिसिंग टू बिल्ड अवेयरनेस एंड ट्रस्ट कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज पुलिस विभाग व यूनिसेफ की ओर से डूंगरपुर पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के लिए बच्चो से सम्बंधित कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट के जज संजय भटनागर रहे। वही कार्यशाला में यूनिसेफ की सिन्धु बिनुजित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश सावरिया, डूंगरपुर पुलिस उपाधीक्षक राकेश शर्मा, सीमलवाडा पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल सहित थानाधिकारी व अन्य पुलिसकर्मी शामिल हुए। कार्यशाला में डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट के जज संजय भटनागर ने पुलिस कर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विधिक प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने पुलिस के समक्ष इस प्रकार के आने वाले प्रकरणों में अधिक संवदेनशीलता से कार्य करने के निर्देश पुलिस कर्मियों को दिए। पोक्सो कोर्ट के जज संजय भटनागर ने बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को उम्र सत्यापन तथा विधिक प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी दी।

इस दौरान युनिसेफ के राज्य स्तरीय सलाहकार गोविन्द बेनिवाल ने किशोर न्याय अधिनियम 2005 के बारे में पुलिस कर्मियों को विस्तृत जानकारी देने के साथ बरती जाने वाली सावधानियो के बारे में भी बताया।

## वकील ने खुद को लगाई आग, SDM से लिपटा, SDM भागा, वकील की मौत

**खंडेला (सीकर)।** हर सुनवाई के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एक वकील ने SDM कोर्ट में आग लगा ली। इस दौरान उसने SDM को गले लगाने का प्रयास किया। SDM उसे धक्का देकर भागे। इतने में उनके हाथ का कुछ हिस्सा जल गया। गंभीर हालत को देखते हुए वकील को जयपुर रेफर किया गया था। उसके छोटे भाई लक्ष्मणराम ने बताया कि इलाज के दौरान SMS हॉस्पिटल में मौत हो गई। मामला सीकर के खंडेला का है। वकील के बैग में एक लेटर मिला है, जिसमें SDM राकेश कुमार पर हर केस के लिए पैसे मांगने का आरोप लगाया है। रानौली थाना क्षेत्र के नांगल अभयपुरा का रहने वाला वकील हंसराज मावलिया (40) पिछले 10 साल से वकालत कर रहा था। गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे SDM राकेश कुमार अपने कार्यालय के अंदर चैंबर में बैठे थे। इसी दौरान बाहर हंसराज ने खुद को आग लगाई और अंदर आ गया। उसने ऑफिस का दरवाजा पहले ही बंद कर दिया था। SDM राकेश ने जैसे ही उसे अंदर आते देखा खड़े हो गए। हंसराज ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। उसे धक्का मारकर पीछे किया। उनका हाथ भी झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसे वकील को तुरंत खंडेला के हॉस्पिटल ले जाया गया।


**I am maharshi vyas. I have lost my original degree Marsksheet of trimester-1,2,3 issued by DIT University.**

Relevant details of identification
Roll no.-1401071058.
**Name -Maharshi vyas**
Kindly contact following
number +918619334264
Email-vyasmaharshi0@gmail.com